Title: Need to connect Amreli Parliamentary Constituency in Gujarat with a National Highway.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र अमरेली आजादी के 57 साल के बाद भी अभी तक देश के किसी भी राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ा नहीं गया है जबकि अमरेली में पिपावाव बन्दरगाह पर कई करोड़ों का माल भेजा जाता है। माल ढोने वाले वाहन अमरेली से होकर जाते हैं लेकिन राज्य सरकार से सड़क निर्माण में कोई मदद नहीं मिल पा रही है। इन सब कारणों से अमरेली का औद्योगिक विकास नहीं हो पा रहा है जबकि यहां पर कई खाद्य प्रसंस्करण उद्योग खोले जाने की अपार संभावना है। राष्ट्रीय राजमार्ग के अभाव में पिपावाव बन्दरगाह पर जाने वाले वाहनों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

मेरा सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि गुजरात के अमरेली जिले को देश के राष्ट्रीय राजमार्गों से तत्काल जोड़ा जाए, जिससे अमरेली के औद्योगिक विकास में मदद मिल सके। धन्यवाद।